<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक- 14.04.2025

थाना बदोसराय पुलिस द्वारा रास्ता भटकर आयी 04 वर्षीय बच्ची के परिजनों का 02 घण्टे के अन्दर पता लगाकर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया-

आज दिनांक 14.04.2025 को कस्बा बदोसराय में 04 वर्षीय बच्ची के रास्ता भटकर आने की सूचना प्राप्त हुयी। उक्त सूचना पर बदोसराय पुलिस द्वारा उक्त बच्ची को अभिरक्षा में लेकर उसके परिजनों के सम्बन्ध में जानकारी की गयी किंतु कम उम्र होने के कारण बच्ची कुछ स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही थी। बदोसराय पुलिस द्वारा उक्त बच्ची की फोटो थाना स्तर पर संचालित डिजिटल वालेण्टियर ग्रुप व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साझा की गयी तथा स्थानीय लोगों से सी-प्लान एप के माध्यम से बात कर जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि उक्त बच्ची थाना दरियाबाद के ग्राम जालपा की निवासिनी है, जो अपनी माता के साथ नानी के घर ग्राम रसूलपुर थाना बदोसराय जनपद बाराबंकी आयी थी तथा घर से बाहर सड़क पर आकर रास्ता भटक कर कस्बा बदोसराय आ गयी थी। थाना बदोसराय पुलिस द्वारा उक्त बच्ची को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। बच्ची को परिजनों से मिलाने में आरक्षी विनय वर्मा का विशेष योगदान रहा। आमजनमानस व परिजनों द्वारा थाना बदोसराय पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।